हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 18 अगस्त 2026

06 नागपंचमी पर भिलट देव-भान बाबा मंदिर में...



10 श्रीराधा-कृष्ण का आकर्षक श्रृंगार कर ठाकुर जी...



खबर संक्षेप

अगस्त माह में दिया जा रहा दो माह का एकमुश्त राशन

सीहोर। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के लिए अगस्त माह में दो माह की राशन सामग्री एकमुश्त वितरित की जा रही है। शासन के निर्देशानुसार सीहोर जिले सहित अनुविभाग आष्टा की सभी राशन दुकानों पर अगस्त और सितंबर की राशन सामग्री एक साथ उपलब्ध कराई गई है। पात्र हितग्राही दोनों माह की राशन सामग्री 31 अगस्त से पहले प्राप्त कर लें। आष्टा एसडीएम महेंद्र प्रताप सिंह किरार ने सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा का ध्यान रखते हुए राशन सामग्री अनिवार्य रूप से प्राप्त करें, ताकि उन्हें राशन प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

शुष्क दिवस पर अवैध मदिरा बेचने वालों पर की गई कार्रवाई

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन, विक्रय के विरूद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी दीपसिंह राठौर ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालागुरू के. द्वारा जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया था और जिले की मदिरा का विक्रय पूर्ण रूप से बंद रखने के आदेश दिए गए थे। आबकारी दल द्वारा शुष्क दिवस पर अवैध रूप से शराब बेचने वाले अवनी जाट ढ़ाबा, राय साहब का ढाबा और शिवा ढाबा पर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार अवैध शराब विक्रेता राजेन्द्र ठाकुर और देवकरण से भी मदिरा बरामद कर कार्यवाही की गई है। यह कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी संगीता नायक, आबकारी उपनिरीक्षक रिया जैन, आबकारी मुख्य आरक्षक ललित गीते द्वारा की गई।

संत शिरोमणि रविदास की 650 वीं जन्म जयंती होंगे कई आयोजन

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. ने बताया कि संत शिरोमणि रविदास की 650 वीं जयंती के अवसर पर प्रदेश के साथ ही जिले में उनके जीवन-दर्शन, समता, भक्ति, सेवा, सामाजिक न्याय एवं मानवता के संदेश के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए 'श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान एवं यात्रा' आयोजित की जाएगी। अभियान के अंतर्गत जिला एवं ग्राम स्तर पर विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनसंपर्क गतिविधियां आयोजित होंगी। कलेक्टर ने राज्य शासन के निर्देशानुसार यात्रा के आयोजन के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

बारिश के बीच भी महिला, युवा और बुजुर्ग शिवभक्त पूरे उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ कांवड़ लेकर धाम पहुंचे

सावन के तीसरे सोमवार को कुबेरेश्वरधाम पर उमड़ा आस्था का सैलाब, भगवान शिव का जलाभिषेक किया

25 अगस्त को निकलेगी भव्य कांवड़ यात्रा, 100 से अधिक स्थानों पर सेवादार करेंगे श्रद्धालुओं की सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





सावन मास के तीसरे सोमवार को विश्वभर के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र कुबेरेश्वरधाम पर भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सोमवार को डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालु धाम पहुंचे और भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वरधाम तक करीब 11 किलोमीटर का पूरा मार्ग कांवड़ यात्रियों से शिवमय नजर आया। बारिश के बीच भी महिला, युवा और बुजुर्ग शिवभक्त पूरे उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ कांवड़ लेकर धाम पहुंचे।

सावन मास में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु शहर की जीवनदायिनी सीवन नदी से जल लेकर पैदल कुबेरेश्वरधाम पहुंच रहे हैं। कांवड़ यात्रियों की सेवा के लिए सीवन नदी से लेकर धाम तक अनेक स्थानों पर सामाजिक और धार्मिक संगठनों द्वारा सेवा स्टॉल लगाए गए हैं। इन सेवा केंद्रों पर श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, फलाहार, चाय और प्रसादी की व्यवस्था की जा रही है। विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता एवं समाजसेवी पूरे सेवाभाव के साथ कांवड़ यात्रियों का स्वागत कर उनकी सेवा में जुटे हुए हैं।

भक्ति में दिखावे की आवश्यकता नहीं : सोमवार को धाम पर पहुंचे कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा ने कहा कि भगवान शिव की भक्ति में किसी प्रकार के दिखावे और आडंबर की आवश्यकता नहीं है। भगवान भाव के भूखे हैं और सच्चे मन से की गई भक्ति ही सबसे बड़ी साधना है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन में चरित्र, ज्ञान और व्यवहार का विशेष महत्व है। इन तीनों चीजों की नकल कोई नहीं कर सकता। व्यक्ति का चरित्र उसके कर्मों, ज्ञान उसके आचरण और व्यवहार उसके संस्कारों से दिखाई देता है।



25 अगस्त को निकलेगी भव्य कांवड़ यात्रा

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि सावन मास के प्रत्येक सोमवार को सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वरधाम तक कांवड़ यात्रा निकाली जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। आगामी 25 अगस्त को भी भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। श्रद्धालुओं की सेवा के लिए 100 से अधिक स्थानों पर सेवा केंद्र बनाए जाएंगे, जहां विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के सेवादार पेयजल, फलाहार, चाय और प्रसादी सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने बताया कि प्रशासन एवं विभिन्न सेवा संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वरधाम तक लगातार दिखाई दे रही कांवड़ यात्रियों की भीड़, भगवा ध्वज और सेवा पंडालों ने पूरे क्षेत्र को शिवभक्ति और सेवा के रंग में रंग दिया है। सावन के तीसरे सोमवार को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने कुबेरेश्वरधाम की भक्ति और आस्था को और व्यापक स्वरूप प्रदान किया।

सरपंच के आने से पहले ही पूर्व सरपंच ने फहराया तिरंगा

सीहोर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जहां पूरे देश में राष्ट्रध्वज को नमन कर जश्न मनाया जा रहा था, वहीं ग्राम पंचायत पिलूखेड़ी में ध्वजारोहण को लेकर एक अनोखा और विवादित मामला सामने आया है। गांव की वर्तमान सरपंच के पहुंचने से पहले ही पूर्व सरपंच और उपसरपंच ने तय समय से पूर्व पंचायत भवन पर आनन-फानन में तिरंगा फहरा दिया। इतना ही नहीं, इसके बाद दोनों ने आंगनबाड़ी भवन पहुंचकर वहां भी झंडा फहरा दिया।



इंतजार करती रह गईं महिला सरपंच: ग्राम पंचायत पिलूखेड़ी की निर्वाचित सरपंच बबली मोहन मीणा ने बताया कि 15 अगस्त को 80वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पंचायत कार्यालय में ध्वजारोहण की पूरी तैयारियां कर ली गई थीं। गांव के स्कूली बच्चों और ग्रामीणों की प्रभातफेरी के बाद सभी लोग पंचायत भवन में सरपंच के हाथों ध्वजारोहण का इंतजार कर रहे थे।

इसी बीच पूर्व सरपंच द्वारका प्रसाद मीणा और उपसरपंच गजराज सिंह मेवाड़ा ने अनाधिकृत रूप से समय से पहले ही पहुंचकर पंचायत भवन का ध्वजारोहण कर दिया। इसके तुरंत बाद वे आंगनबाड़ी केंद्र भी पहुंचे और वहां भी झंडा फहरा दिया।

सचिव से अभद्रता और धक्का-मुक्की : सरपंच प्रतिनिधि और ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व सरपंच के इस कृत्य से स्वतंत्रता दिवस के गरिमामयी माहौल को ठेस पहुंची है। जब ग्राम पंचायत सचिव ने इस अनधिकृत ध्वजारोहण का विरोध किया और पूछताछ की तो आरोप है कि उनके साथ गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और धमकी दी गई।

थाने और वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंची शिकायत : घटना से नाराज सरपंच बबली मोहन मीणा ने अहमदपुर थाना प्रभारी को लिखित शिकायत सौंपकर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इसके साथ ही शिकायत की प्रतिलिपि जिला पंचायत और जनपद पंचायत सीहोर के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को भी भेजी गई है। सरपंच ने दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर ऐसी अव्यवस्था और अनादर न हो।

कुबेरेश्वर धाम में 13 संदिग्ध महिलाएं हिरासत में, भीड़ के बीच जेबकतरी-चोरी रोकने पुलिस का सादा कपड़ों में पहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सुप्रसिद्ध कुबेरेश्वर धाम में बढ़ती भीड़ के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। मंडी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत 13 संदिग्ध महिलाओं को हिरासत में लिया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे ने बताया कि यह कार्रवाई मंडी थाना पुलिस द्वारा की गई है। कुबेरेश्वर धाम में देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस भीड़ का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व और अपराधी जेबकतरी, मोबाइल छीनने, सोने की चेन स्नेचिंग और सामान चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम देने की कोशिश करते हैं।

एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे के अनुसार, श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस लगातार व्यापक प्रबंध कर रही है। हिरासत में ली गई 13 संदिग्ध महिलाओं में से कुछ के खिलाफ झगड़े-विवाद और न्यूसेंस फैलाने की आशंका पर प्रतिबंधात्मक गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई है। अन्य महिलाओं से चोरी और अन्य संदिग्ध गतिविधियों के संबंध में पूछताछ जारी है।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि : पुलिस

धाम परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस विशेष रणनीति अपना रही है। एडिशनल एसपी ने बताया कि पुलिस टीमें सादे कपड़ों में तैनात होकर गोपनीय तरीके से निगरानी कर रही हैं।

इसके अतिरिक्त, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी हर गतिविधि पर लगातार नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना या आपराधिक प्रयास को समय रहते रोका जा सके। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है। असामाजिक तत्वों और अपराधियों के खिलाफ यह सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

समाजसेविका अरुणा राय ने की बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना, आस्था और भक्ति से सराबोर हुआ शहर

सीहोर। सोमवार को शहर में पालकी यात्रा निकाली गई। बाबा सिद्धेश्वर महाकाल की पालकी को कंधे पर रखकर विधायक सुदेश राय और समाजसेविका अरुणा राय शहर की सड़क पर महाकाल का जयकारा लगाते हुए दिखाई दिए। कोतवाली चौराहे से श्रद्धा और भक्ति के साथ पालकी यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मनकामेश्वर मंदिर पहुंचेगी, जहां भगवान मनकामेश्वर महादेव की आरती की गई। विधायक सुदेश राय और समाजसेवीका अरुणा राय ने श्री सिद्धेश्वर महाकाल बाबा की पालकी शोभा यात्रा में सम्मिलित पालकी यात्रा समिति के संस्थापक किशोर कौशल एवं अध्यक्ष विपुल चांडक सहित श्रद्धालुओं और आयोजन करताओ पर फूलों की वर्षा की और फूल मालाए पहनाकर स्वागत सम्मान किया। इस वर्ष भी भगवान सिद्धेश्वर महादेव की मनमोहक एवं भव्य पालकी आकर्षण का केंद्र रही। पालकी में विराजमान बाबा सिद्धेश्वर महादेव ने नगर भ्रमण कर श्रद्धालुओं को दिव्य दर्शन एवं आशीर्वाद प्रदान किया। विधायक सुदेश राय और समाजसेवीका अरुणा राय ने भगवान बाबा सिद्धेश्वर की विधिवत पूजा अर्चना की इस पावन अवसर पर पूरा नगर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजायमान हो गया। बाबा श्री सिद्धेश्वर की पालकी यात्रा में सैकड़ो श्रद्धालु महिलाएं शामिल रहीं।



बाढ़ पीड़ित पदयात्रा में शामिल होकर प्रशासन के खिलाफ हुंकार भरेंगे

बाढ़ पीड़ित परिवारों के लिए मैदान में आएगी कांग्रेस, निकालेगी राहत पैकेज पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर विधानसभा क्षेत्र के करीब चार दर्जन गांवों में आई भीषण बाढ़ से बेघर हुए ग्रामीणों और भारी नुकसान झेल रहे किसानों की लड़ाई अब कांग्रेस पार्टी खुलकर लड़ने जा रही है। आपदा की इस कठिन घड़ी में बाढ़ प्रभावित परिवारों को हक, सम्मान और न्याय दिलाने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में आगामी 19 अगस्त को अहमदपुर से श्यामपुर तक राहत पैकेज पदयात्रा निकाली जाएगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ हजारों बाढ़ पीड़ित ग्रामीण इस पदयात्रा में शामिल होकर प्रशासन के खिलाफ हुंकार भरेंगे और पदयात्रा के अंत में श्यामपुर तहसील कार्यालय का घेराव कर विशेष राहत पैकेज की मांग का ज्ञापन सौंपेंगे।

अहमदपुर से शुरू होकर श्यामपुर पहुंचेगी पदयात्रा : जिला कांग्रेस कमेटी और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अहमदपुर, श्यामपुर, दोराहा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह पदयात्रा दो अलग-अलग चरणों में पूरी होगी। प्रथम चरण में बुधवार सुबह 9 बजे अहमदपुर से पदयात्रा की शुरुआत होगी, जो वानखेड़ा होते हुए चरनाल पहुंचेगी। यहां अल्प विश्राम के बाद यात्रा अगले चरण के लिए रवाना होगी। जबकि द्वितीय चरण दोपहर 12 बजे यात्रा छतरी और सोठी गांव होते हुए श्यामपुर की ओर बढ़ेगी।

अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें ग्रामीण

कांग्रेस पार्टी ने सीहोर विधानसभा के सभी ग्रामवासियों, किसान भाइयों, बाढ़ पीड़ितों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों से इस पदयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया है।

इस आयोजन में जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, किसान कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एससी/एसटी, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक विभाग सहित पार्टी के सभी प्रकोष्ठों व विभागों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरेंगे। कांग्रेस नेताओं ने कहा है बाढ़ से टूटे हैं घर-बार, अब सरकार दे राहत का अधिकार।

तहसील का करेंगे घेराव

दोपहर 2 बजे पदयात्रा का समापन श्यामपुर तहसील कार्यालय पर होगा, जहां कांग्रेस पार्टी प्रशासनिक ढिलाई के विरोध में तहसील कार्यालय का घेराव करेगी और बाढ़ पीड़ितों के हक में ज्ञापन सौंपेगी।

कांग्रेस की यह मांगें

विशेष राहत पैकेज: प्रत्येक बाढ़ प्रभावित परिवार को तुरंत विशेष राहत पैकेज दिया जाए।
निष्पक्ष सर्वे: मकान, दुकान, फसल, अनाज और पशुधन के नुकसान का सही व पारदर्शी सर्वे हो।
पर्याप्त मुआवजा: किसानों की बर्बाद फसलों का उचित और पूरा मुआवजा दिया जाए।
इन्फ्रास्ट्रक्चर की मरम्मत: क्षतिग्रस्त रास्तों, पुल-पुलियों और बिजली व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त किया जाए।
खाद्यान्न व शिक्षा में मदद: प्रभावित परिवारों को निशुल्क राशन-सामग्री और बच्चों की पढ़ाई के लिए विशेष आर्थिक सहायता दी जाए।
स्थायी समाधान: भविष्य में बाढ़ से बचाव के लिए ठोस और स्थायी कार्ययोजना बनाई जाए।

बढ़ा हुआ बस किराया जल्दी नहीं घटाया तो हम करेंगे उग्र आंदोलन

किराया बढ़ोतरी के विरोध में एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन



सीहोर। एनएसयूआई ने बस किराया बढ़ोतरी को लेकर विरोध दर्ज कराया। बढ़ते बस किराए से छात्र-छात्राएं परेशान हैं। बस ऑटो सहित अन्य वाहनों से छात्र-छात्राओं को स्कूल कॉलेज भेजना अभिभावक के लिए काफी मुश्किल हो गया है। छात्र-छात्राओं की अन्य समस्याओं को लेकर सोमवार को एनएसयूआई अध्यक्ष हरिओम सिसोदिया के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंच कर सैकड़ों छात्र-छात्राओं और कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन दिया। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष हरिओम सिसोदिया ने कहा कि छात्र-छात्राओं के हित में बस किराए में की गई बढ़ोतरी को तत्काल वापस लेना चाहिए और छात्र-छात्राओं को आईडी के आधार पर बस किराए में विशेष छूट देना चाहिए।

एनएसयूआई छात्र नेता तनीश त्यागी ने कहा कि बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं प्रतिदिन गांवों और आसपास के क्षेत्रों से सीहोर आना-जाना करते हैं। बस किराए में लगभग 75 प्रतिशत की वृद्धि होने से विद्यार्थियों के लिए रोजाना अप-डाउन करना मुश्किल हो गया है। आर्थिक रूप से कमजोर कई छात्र-छात्राओं के सामने पढ़ाई जारी रखने का संकट खड़ा हो गया है और उन्हें मजबूरी में गांव में ही रुकना पड़ रहा है। यश यादव ने कहा कि यदि जल्द ही छात्र-छात्राओं के बस किराए में कमी नहीं की गई और छात्र आईडी पर बस किराए में छूट लागू नहीं की गई, तो एनएसयूआई द्वारा छात्रों के हित में उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देते समय युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, अनुभव सेन, दिव्यांश मालवीया, विष्णु मालवीया, अभिजीत, हिमांशु, लोकेन्द्र, रुद्र वर्मा सहित तमाम कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



मंदिर में संतों और विप्रजनों का किया गया सम्मान

सीहोर। शहर के प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में सावन के तीसरे सोमवार को संतों एवं विप्रजनों का स्वागत-सम्मान किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में विराजमान भगवान शिव का विशेष अभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम के दौरान संत माधवदास महाराज ने वृंदावन से पधारे पंडित महेन्द्र कुमार चतुर्वेदी से आगामी दिनों में आयोजित होने वाले महायज्ञ को लेकर विस्तृत चर्चा की। महायज्ञ का आयोजन पंडित महेन्द्र कुमार चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में किया जाएगा। संत माधवदास महाराज ने कहा कि सावन मास भगवान शिव की आराधना के लिए विशेष माना जाता है। इन दिनों क्षेत्रवासी श्रद्धाभाव के साथ भगवान शिव का अभिषेक एवं पूजन कर रहे हैं।

जागरूकता कार्यक्रम 20 अगस्त को

सीहोर। पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत सीहोर स्थित महिला आईटीआई में 20 अगस्त के प्रातः 10 बजे प्रशिक्षण एवं प्रमाण पत्र प्राप्त कारीगरों एवं शिल्पकारों के लिए ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग विषयों पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके सभी कारीगरों एवं शिल्पकारों को आमंत्रित किया गया है। जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम विश्वकर्मा लाभार्थियों को उद्यमिता, कीमत तय करने की रणनीति, बाजार की प्रवृत्ति, वित्तीय साक्षरता, उत्पाद की पैकेजिंग, लेबलिंग, डिजाइनिंग, ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर ऑनबोर्डिंग, एमएसएमई रजिस्ट्रेशन, ऑन द स्पॉट क्यूआर कोड जनरेशन, केन्द्र एवं राज्य सरकार की अन्य स्कीमों एवं क्रेडिट आदि विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से SL-PMU द्वारा एआई तकनीकी एवं व्यावहारिक एवं एक्सपोर्ट प्रमोशन विषय पर भी सत्र आयोजित किया जाएगा।











पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले मृत्युंजय महाकाल, जाना प्रजा का हाल

इछावर। सोमवार को नगर में हर वर्ष की भांति इस बार भी भव्य राजसी सवारी निकाली गई। इस दौरान भगवान मृत्युंजय महाकाल अपनी प्रजा का हाल जानने पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले। राजसी सवारी हाइवे स्थित मेहता पैट्रोल पंप के समीप विनायक परिसर से आरंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सीएम राइस स्कूल पहुंचकर समाप्त हुई। राजसी सवारी के चल समारोह में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, बच्चेभक्तगण डीजे पर भजनों की स्वरलहरियां पर थिरकते हुए चल रहे थे। सवारी में बाहुबली भगवान शंकर, अघोरी, बाहुबली हनुमान,ताशा पार्टी, कालीजी, मंकीमेन, रावण, ढोल बेंड, राधा कृष्ण, शिवशंकर की झांकी आदि लोगों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रही है।

श्रद्धालुओं ने पूजन-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना

नागपंचमी पर भिलट देव-भान बाबा मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, श्रद्धालुओं ने दर्शन किए

श्रद्धालुओं का मानना है कि नागपंचमी के दिन भिलट देव-भान बाबा के दर्शन और पूजन-अर्चन करने से परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।



भैरुंदा। भान बाबा मंदिर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील मुख्यालय से करीब तीन किलोमीटर दूर ग्राम रुजनखेड़ी स्थित भिलट देव-भान बाबा मंदिर में सोमवार को नागपंचमी पर्व पर आस्था और परंपरा का सैलाब देखने को मिला।

सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक जारी रहा। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भिलट देव और भान बाबा के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। नागपंचमी पर्व पर मंदिर में महिलाओं की विशेष आस्था देखने को मिली। महिलाओं ने ढाई दिन का उपवास रखकर मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और इसके बाद व्रत खोला। महिलाओं के अनुसार परिवार की सुख-समृद्धि और बेटों की लंबी आयु की कामना को लेकर वे नागपंचमी से दो दिन पहले से व्रत रखती हैं। इस दौरान ढाई दिनों तक अन्न का एक भी दाना ग्रहण नहीं किया जाता। नागपंचमी के दिन भिलट देव-भान बाबा की पूजा के बाद मंदिर परिसर में भोजन कर व्रत खोला गया।





भैरुंदा। भिलट देव मंदिर

सुबह से लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता : नागपंचमी को लेकर सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। श्रद्धालुओं ने पहले भिलट देव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और इसके बाद भान बाबा के दर्शन किए। कई श्रद्धालुओं ने दूध अर्पित कर प्रसादी चढ़ाई और अपनी मनोकामनाएं मांगी। श्रद्धालुओं का मानना है कि नागपंचमी के दिन भिलट देव-भान बाबा के दर्शन और पूजन-अर्चन करने से परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। सच्ची श्रद्धा से की गई प्रार्थना से मनोकामना पूर्ण होने की मान्यता के चलते हर वर्ष नागपंचमी पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

मंदिर समिति ने संभाली व्यवस्था : श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए ग्राम रुजनखेड़ी स्थित भिलट देव मंदिर समिति द्वारा सुविधाओं और सुरक्षा की व्यवस्थाएं की गईं। समिति के सदस्यों ने मंदिर परिसर में व्यवस्था संभाली और श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका ध्यान रखा। समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए जलपान और चाय की व्यवस्था भी की गई। मंदिर पहुंचने वाले भक्तों को चाय पिलाई गई।

भिलट देव-भान बाबा के दर्शन की विशेष मान्यता

श्रद्धालुओं ने बताया कि भिलट देव-भान बाबा के प्रति क्षेत्र में लंबे समय से गहरी आस्था और धार्मिक परंपरा जुड़ी हुई है। श्रद्धालु पहले भिलट बाबा की पूजा-अर्चना और दर्शन करते हैं, इसके बाद भान बाबा के दर्शन कर पूजा करते हैं। मान्यता है कि नागपंचमी के दिन श्रद्धा के साथ दर्शन, पूजन और दूध अर्पित करने से परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है और परेशानियां दूर होती हैं। इसी आस्था के चलते नागपंचमी पर्व पर रुजनखेड़ी स्थित मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही।

पुलिस और राजस्व अमला रहा मुस्तैद

बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने को देखते हुए यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए थाना भैरूंदा पुलिस ने मंदिर जाने वाले मार्ग पर पुलिस बल तैनात किया। पुलिसकर्मियों ने वाहनों और श्रद्धालुओं की आवाजाही को व्यवस्थित रखने का प्रयास किया। वहीं राजस्व विभाग का अमला भी मौके पर मौजूद रहा। तहसील मुख्यालय से नायब तहसीलदार रामदास गोरले सहित राजस्व अमले ने मंदिर परिसर और आसपास की व्यवस्थाओं पर निगरानी रखी।

उत्कृष्ट कार्य के लिए भोजराज नागर को प्रभारी मंत्री ने किया सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

मध्यप्रदेश राज्य विपरण संघ सीहोर गोदाम इछावर के प्रभारी भोजराज नागर को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिएं 15 अगस्त के अवसर पर सीहोर में आयोजित मुख्य समारोह में जिला प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर एवं कलेक्टर के. बालागुरू ने प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया है। इस मौके पर श्री नागर को वरिष्ठ सहकारी नेता अभय कुमार मेहता, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अनारसिंह ठाकुर, पूर्व मार्केटिंग सोसाइटी अध्यक्ष रामनारायण परमार, अनिल राठी, सतीश परमार, किसान कांग्रेस अध्यक्ष राजेश परमार, अहमद खा,आदि ने बधाई दी है।

युवाओं ने नीलकंठ नर्मदा तट के मुक्तिधाम में किया सामूहिक श्रमदान



भैरूंदा। तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत नीलकंठ स्थित नर्मदा तट के मुक्तिधाम में स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी की मिसाल देखने को मिली। अखिल भारतीय क्षत्रिय कलोता समाज युवा संगठन तथा भिलट-भान बाबा समिति रुजनखेड़ी के सदस्यों ने रविवार को सामूहिक श्रमदान कर मुक्तिधाम परिसर की साफ-सफाई की। युवाओं ने करीब नौ घंटे तक अभियान चलाकर परिसर में जमा कचरा, गाजर घास, कीचड़, लकड़ियां और अन्य अवशेष हटाए। अभियान के दौरान करीब 15 ट्रॉली कचरा एकत्रित किया गया। रविवार सुबह करीब 8 बजे युवाओं की टीम नीलकंठ नर्मदा तट स्थित मुक्तिधाम पहुंची और सफाई अभियान शुरू किया। युवाओं ने हाथों में फावड़े, गैंती सहित अन्य सफाई उपकरण लेकर परिसर के अलग-अलग हिस्सों में सफाई की। लंबे समय से जमा गंदगी और गाजर घास को हटाने के साथ ही अंतिम संस्कार के बाद बचे अवशेषों को भी व्यवस्थित किया गया। सुबह शुरू हुआ श्रमदान शाम करीब 5 बजे तक जारी रहा। इस दौरान युवाओं ने कहा कि मुक्तिधाम समाज का महत्वपूर्ण और संवेदनशील स्थल है। यहां स्वच्छता और व्यवस्था बनाए रखना केवल किसी एक व्यक्ति, संस्था या पंचायत की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यदि नागरिक अपने स्तर पर भी थोड़ी-सी जिम्मेदारी निभाएं तो ऐसे सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ और व्यवस्थित रखा जा सकता है। श्रमदान के दौरान युवाओं ने नर्मदा नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए लोगों से विशेष अपील भी की। उन्होंने कहा कि नर्मदा केवल एक नदी नहीं, बल्कि क्षेत्र की आस्था, संस्कृति और जीवन का आधार है। इसलिए अंतिम संस्कार से संबंधित सामग्री नदी में प्रवाहित करने से बचना चाहिए। युवाओं ने समाजजनों से आग्रह किया कि दिवंगत परिजनों का अंतिम संस्कार नर्मदा नदी के सीधे तट पर करने के बजाय नीलकंठ स्थित मुक्तिधाम में निर्धारित स्थान पर किया जाए। इससे नदी में राख, लकड़ी, कपड़े और अन्य सामग्री जाने से रोकी जा सकेगी और नर्मदा को प्रदूषण से बचाने में मदद मिलेगी। उन्होंने लोगों से यह भी अपील की कि अंतिम संस्कार के बाद बची लकड़ी, कपड़े, राख तथा अन्य सामग्री को मुक्तिधाम परिसर में इधर-उधर न छोड़ें। इनका उचित तरीके से निस्तारण करने के बाद ही परिसर से लौटें। युवाओं ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान चलाने से नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की आदत और जिम्मेदारी से कायम रहती है।

राठौड़ बने मप्र शिक्षक संघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष

सीहोर। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ, जिला सीहोर की बैठक प्रांतीय सचिव अनिल सिंह मुक्तावत की अध्यक्षता तथा हमारा विद्यालय–हमारा तीर्थ के प्रदेश प्रमुख विनयसिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से शासकीय हाईस्कूल बरखेड़ा खरेट के प्राचार्य जितेन्द्र सिंह राठौड़ को मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला सीहोर का कार्यकारी जिलाध्यक्ष चुना गया।

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. गवाखेड़ा तह. आष्टा जिला सीहोर

वार्षिक आमसभा की सूचना दिनांक 10.08.2026

संस्था के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित कर अनुरोध किया जाता है कि संस्था गवाखेड़ा की वार्षिक आमसभा दिनांक 24.08.2026 दिन सोमवार को दोपहर 01:30 बजे संस्था कार्यालय पर रखी गयी है, जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य एंव प्रार्थनीय है।
कोरम पूर्ति के आभाव में बैठक 1/2 घण्टा स्थगित कर उन्ही बिषयों पर पुनः आरम्भ की जावेगी। जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी।
बैठक के विषय निम्नानूसार होंगे।
1. पिछली आमसभा से आज तक पारित प्रस्तावो की पुष्टि करने बावत। 2. संस्था का वर्ष 2025-26 का आय व्यय पत्रक लाम हानी पत्रक व्यापारिक पत्रक एंव लेनदारी देनदारी पत्रक पर विचार कर स्वीकृति प्रदान करने बावत। 3. संस्था का वर्ष 2026-27 का अनुमानित बजट की स्वीकृति बावत। 4. संस्था का वर्ष 2024-25 के आडिट नोटो की स्वीकृति बावत। 5. संस्था के कालातीत सदस्यो से वसूली बावत विचार। 6. अन्य विषय प्रशासक महोदय की अनुमति अनुसार रखे जायेंगे।

संस्था प्रबंधक, बहुउद्देशीय प्राथ. कृषि साख सह. संस्था मर्यादित गवाखेड़ा, जिला सीहोर

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. जाफराबाद और लसूड़ियाखास तह. आष्टा जिला सीहोर

वार्षिक आमसभा की सूचना दिनांक 10.08.2026

संस्था के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित कर अनुरोध किया जाता है कि संस्था जाफराबाद और लसूड़ियाखास की वार्षिक आमसभा दिनांक 24.08.2026 दिन सोमवार को दोपहर 01:00 बजे संस्था कार्यालय पर रखी गयी है, जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य एंव प्रार्थनीय है।
कोरम पूर्ति के आभाव में बैठक 1/2 घण्टा स्थगित कर उन्ही बिषयों पर पुनः आरम्भ की जावेगी। जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी।
बैठक के विषय निम्नानूसार होंगे।
1. पिछली आमसभा से आज तक पारित प्रस्तावो की पुष्टि करने बावत। 2. संस्था का वर्ष 2025-26 का आय व्यय पत्रक लाम हानी पत्रक व्यापारिक पत्रक एंव लेनदारी देनदारी पत्रक पर विचार कर स्वीकृति प्रदान करने बावत। 3. संस्था का वर्ष 2026-27 का अनुमानित बजट की स्वीकृति बावत। 4. संस्था का वर्ष 2024-25 के आडिट नोटो की स्वीकृति बावत। 5. संस्था के कालातीत सदस्यो से वसूली बावत विचार। 6. अन्य विषय प्रशासक महोदय की अनुमति अनुसार रखे जायेंगे।

संस्था प्रबंधक, बहुउद्देशीय प्राथ. कृषि साख सह. संस्था मर्यादित जाफरादबाद, लसूड़ियाखास, जिला सीहोर

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. अमलाहा और धामंदा, तह. आष्टा जिला सीहोर

वार्षिक आमसभा की सूचना दिनांक 10.08.2026

संस्था के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित कर अनुरोध किया जाता है कि संस्था अमलाहा और धामंदा की वार्षिक आमसभा दिनांक 24.08.2026 दिन सोमवार को अमलाहा में दोपहर 01:00 बजे और धामंदा में दोपहर 12.45 पर संस्था कार्यालय पर रखी गयी है, जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य एंव प्रार्थनीय है।
कोरम पूर्ति के आभाव में बैठक 1/2 घण्टा स्थगित कर उन्ही बिषयों पर पुनः आरम्भ की जावेगी। जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी।
बैठक के विषय निम्नानूसार होंगे।
1. पिछली आमसभा से आज तक पारित प्रस्तावो की पुष्टि करने बावत। 2. संस्था का वर्ष 2025-26 का आय व्यय पत्रक लाम हानी पत्रक व्यापारिक पत्रक एंव लेनदारी देनदारी पत्रक पर विचार कर स्वीकृति प्रदान करने बावत। 3. संस्था का वर्ष 2026-27 का अनुमानित बजट की स्वीकृति बावत। 4. संस्था का वर्ष 2024-25 के आडिट नोटो की स्वीकृति बावत। 5. संस्था के कालातीत सदस्यो से वसूली बावत विचार। 6. अन्य विषय प्रशासक महोदय की अनुमति अनुसार रखे जायेंगे।

संस्था प्रबंधक, बहुउद्देशीय प्राथ. कृषि साख सह. संस्था मर्यादित अमलाहा और धामंदा, जिला सीहोर

20 रुपए की रसीद को लेकर श्रद्धालुओं से हुआ था विवाद

श्रद्धालुओं पर हमले के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

सलकनपुर देवी धाम में श्रद्धालुओं के साथ हुई मारपीट और वाहन में तोड़फोड़ की घटना के बाद मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। घटना के बाद उसी रात पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया था, लेकिन अब इस मामले को लेकर राजनीतिक माहौल भी गर्म हो गया है।

सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सलकनपुर देवी धाम के चढ़ाई मार्ग पर स्थित मंदिर गेट के सामने उग्र धरना-प्रदर्शन किया। यही वह स्थान है, जहां वाहनों से 20 रुपये की रसीद काटी जाती है और इसी रसीद को लेकर श्रद्धालुओं और कर्मचारियों के बीच विवाद शुरू हुआ था। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन रेहटी तहसील कार्यालय में सौंपा। ज्ञापन में कई महत्वपूर्ण मांगें उठाई गईं। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि सलकनपुर देवी धाम में आने वाले श्रद्धालुओं के सम्मान और सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित की जाए। साथ ही मंदिर समिति की कार्यप्रणाली और कथित अनियमितताओं की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि श्रद्धालुओं की शिकायतों के निराकरण के लिए मंदिर परिसर में शिकायत काउंटर स्थापित किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की समस्या का तत्काल समाधान किया जा सके। गौरतलब है कि देवास जिले से आए पांच श्रद्धालुओं के साथ 20 रुपये की रसीद को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि दर्शन करने के बाद लौटते समय करीब 20 लोगों ने उन्हें घेरकर मारपीट की और उनकी इनोवा कार में तोड़फोड़ की। इस घटना में अन्य श्रद्धालुओं के भी घायल होने की बात सामने आई थी। मामले में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद लोगों में आक्रोश बना हुआ है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन और मंदिर समिति श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर क्या कदम उठाते हैं।वाहन मार्ग पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और ट्रस्ट समिति को भंग करने की मांग की है।



स्लाग-हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए निकले कांवड़िए



रेहटी। तहसील के ग्राम बाबरी में सावन के तीसरे सोमवार निकल गई भव्य कावड़ यात्रा सावन में लगातार धार्मिक आयोजनों का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में जहां कांवड़ यात्राएं निकाली जा रही हैं तो वहीं मंदिरों, शिवालयों में भी पूजा-अर्चना, अभिषेक के आयोजन किए जा रहे हैं। सावन के तीसरे सोमवार रेहटी तहसील के बाबरी नर्मदा तट से भी भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। हजारों की संख्या में एकत्रित हुए कांवड़ियों ने मां नर्मदा की पूजा-अर्चना, आरती करके अपनी-अपनी कांवड़ में नर्मदा जल भरा और बम-बम भोले के जयकारों के साथ यात्रा की शुरुआत की। कांवड़ यात्रा में भगवान महाकाल की पालकी भी तैयार की गई थी। यह कांवड़ यात्रा जादौनी परिवार बाबरी एवं बाबरी के ग्रामवासियों द्वारा निकाली गई। कांवड़ यात्रा महादेव शिव मंदिर से शुरू हुई और रमगढ़ा स्थित रुद्रधाम मंदिर तक पहुंची, जहां कांवड़ यात्रा 20 किलोमीटर पैदल अपना सफर तय करा। ग्राम बाबरी से शुरू हुई कांवड़ यात्रा का पुष्प वर्षा कर जगह-जगह स्वागत भी किया गया। जगह-जगह कांवड़ यात्रियों के लिए लोगों ने स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की थी। कांवड़ यात्रा में आगे-आगे डीजे, ढोल बज रहे थे और पीछे-पीछे भक्त जय जयकार करते हुए चल रहे थे। कांवड़ यात्रा रुद्रधाम रमगढ़ा पहुंचकर जहां पर कांवड़ियों द्वारा भगवान शंकर का जलाभिषेक किया। इस दौरान पुलिस की टीम भी तैनात रही।

हर घर तिरंगा
समस्त नागरिकों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक - समस्त भाजपा कार्यकर्ता विधानसभा क्षेत्र 157 आष्टा जिला- सीहोर (म.प्र.)
/Gopal Singh Engineer
गोपाल सिंह इंजीनियर
विधायक
विधानसभा क्षेत्र 157 आष्टा, जिला- सीहोर (म.प्र.)

एनःएःबीःएच प्रमाणित संस्था
आजादी के महापर्व, 80 वीं वर्षगांठ
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
डॉ.मुकेश इंदौरिया
M.B.B.S. (MS) ORTHO
फैक्चर एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक बॉम्बे हॉस्पिटल
डॉ. सीमा इंदौरिया
M.B.B.S. (DGO)
प्रसुति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन
पूर्व चिकित्सक बॉम्बे हॉस्पिटल
सिद्धार्थ हॉस्पिटल
एडवांस ट्रामा एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
24 घंटे इमरजेंसी
ओ. पी. डी सुविधा
फिजियोथेरपी
डिजिटल एक्स-रे सुविधा
आई.सी.यु सुविधा
ऑपरेशन सुविधा
प्रायवेट रूम
सी - आर्म मशीन सुविधा
सोनोग्राफी सुविधा
भर्ती सुविधा
डीलक्स रूम
इमरजेंसी एम्बुलेंस सुविधा
पता: आष्टा-भोपाल रोड़,मारूति शोरूम के सामने शनि मंदिर के पास, आष्टा जिला - सीहोर म.प्र.
07560 243962, 9755040999
95757 55541, 74151 51002

सभी नगर वासियो को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक हार्दिक
शुभकामनाये
मनीष धारंवा
नगर अध्यक्ष : भाजयुमो आष्टा
भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर मंडल आष्टा

आप सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
लता तेजपाल मुकाती
पार्षद वार्ड क्रमांक 18
नगरपालिका आष्टा

राजश्री कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडी
बजरंग कॉलोनी, आष्टा
आप सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
बधाई कर्ता
संचालक : बी.एस. परमार

सभी देशवासियो को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
बधाई कर्ता
जे.के.हॉस्पिटल
मल्टीस्पेशलिटी एण्ड ट्रामा सेन्टर
दरगाह से आगे,भोपाल रोड़,आष्टा जि.सीहोर

आप सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
कमल मेवाड़ा
वरिष्ठ समाजसेवी ,आष्टा

सभी देशवासियो को
स्वतंत्रता दिवस
हार्दिक शुभकामनायें
श्रीमति सीमा
सरपंच
अर्जुनसिंह
सरपंच प्रतिनिधि
उमेश सोलंकी
सचिव
सौ.-ग्राम पंचायत- गुराड़िया रुपचंद्र

पुष्प हायर सेकेन्ड्री स्कूल, आष्टा
आप सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ

जय भारत सर्विस स्टेशन
न्यू बस स्टेण्ड,आष्टा
आप सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ

खबर संक्षेप

शंकर पेरवाल बने समाज के तहसील अध्यक्ष



खाचरोद। अंबेडकर भवन कन्नौद रोड आस्टा पर जांगड़ा समाज की बैठक का आयोजन किया। जिसमें समाज के वरिष्ठ गण व युवा साथियों ने भाग लिया। समाज के वरिष्ठ व युवा समाजसेवी की उपस्थिति में ग्राम खाचरोद के शंकर पेरवाल को जांगड़ा समाज के आष्टा तहसील के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। प्रस्ताव सर्व समिति से पास हुआ एवं समिति का भी गठन किया गया। जिसमें उपाध्यक्ष पद पर शंकर लाल बालोदिया, नरपत सिलोरिया, सचिव सुनील जामनिया, मीडिया प्रभारी रतन सिंह परिहार, संगठन मंत्री राजकुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष दिनेश सिलोरिया, महासचिव राजेंद्र भारती, सह सचिव देवकरण धनवाल, सलाहकार मंत्री अर्जुन बड़ोदिया, समिति सदस्य शंकर लाल बड़ोदिया, कार्यालय मंत्री धूल सिंह जाटव, अर्जुन गोयल आदि समिति के सदस्य बने। समाजसेवी बंसीलाल धनवाल, संभागीय अध्यक्ष कैलाश बागाना, दिलीप सिंह आंवले व वर्तमान सरपंच ग्राम पंचायत किलोद घनश्याम जांगड़ा आदि ने बधाई दी।

झूला उत्सव पर महिलाओं ने श्रीजगदीश्वर धाम में किया भजन कीर्तन

श्रीराधा-कृष्ण का आकर्षक श्रृंगार कर ठाकुर जी के लिए डाला प्रतीकात्मक झूला

महिलाओं ने मंदिर में सावन के गीत गाकर नृत्य भी किया। मंदिर परिसर में जय जय श्री राधे व ठाकुर जी के जयघोष गुंजायमान होते रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शहर के नजर गंज स्थित श्रीजगदीश्वर धाम श्री राधाकृष्ण मंदिर पर रविवार को झूला उत्सव की धूम रही. यहां पर भगवान श्रीराधा कृष्ण जी महाराज का आकर्षक श्रृंगार किया गया, वहीं ठाकुर जी के लिए प्रतीकात्मक झूला भी डाला गया था। नगर की महिलाओं ने सावन के गीत गाकर नृत्य भी किया. मंदिर परिसर में जय जय श्री राधे व ठाकुर जी के जयघोष गुंजायमान होते रहे।

ठाकुर जी का विशेष पूजन और भव्य श्रृंगार

श्रीजगदीश्वर धाम महिला मंडल की महिलाओं ने झूले में विराजमान भगवान लड्डूगोपल का विशेष पूजन-अर्चन कर नई पोशाक धारण कराकर आकर्षक श्रृंगार किया। इस मौके पर ठाकुर जी का हरा-भरा विशेष हिंडोला भी सजाया गया था। वहीं मंदिर को फूलों व हरियाली से सजाया गया था। श्रावण में झूला उत्सव का विशेष महत्व होता है, उसी प्रकार यहां पर कार्यक्रम आयोजित होते हैं।

भजन-कीर्तन के साथ सांस्कृतिक नृत्य

देर शाम महिला मंडलों के द्वारा भजन-कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें सावन के गीतों पर महिलाओं व बच्चों के द्वारा जमकर नृत्य भी किया गया। भगवान के श्रृंगार दर्शन के लिए मंदिर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही।जगदीश्वर धाम महिला मंडल की महिलाओं ने सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया। भगवान श्री कृष्ण ने बाल्यकाल में सुमधुर आनंद पद दिव्य बाल लीलाएं की है। जिसमें एक झूला महोत्सव का विशेष महत्व है। भगवान श्रीकृष्ण श्रावण मास में झूले पर झूले थे। इसलिए यह महोत्सव श्रवण मास में मनाया जाता है। श्रावण मास में बाल गोपाल के झूले झूलते हुए स्वरूप के जो दर्शन करता है उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

कपड़ा व रेडीमेड व्यापारी संगठन ने निकाली रैली

महेश जाट बने निर्विरोध अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कपड़ा एवं रेडीमेड व्यापारी संगठन परिवार द्वारा नगर में देशभक्ति और उत्साह से ओतप्रोत विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया। रैली में संगठन से जुड़े व्यापारी बंधुओं ने बड़ी संख्या में शामिल होकर हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति का संदेश दिया। स्वतंत्रता दिवस के इस विशेष अवसर पर आयोजित तिरंगा रैली ने नगरवासियों में भी देशप्रेम और राष्ट्रभक्ति की भावना को और मजबूत किया।

व्यापारी संगठन के सदस्यों ने राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के साथ रैली में सहभागिता की और नागरिकों को एकता, भाईचारे तथा राष्ट्रहित में कार्य करने का संदेश दिया। तिरंगा रैली के पश्चात शीतल स्वीट्स पर संगठन परिवार की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन से जुड़े सभी नए सदस्यों का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। वरिष्ठ व्यापारियों ने नए सदस्यों का मार्गदर्शन करते हुए संगठन की मजबूती और व्यापारी समाज की एकजुटता को लेकर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान कपड़ा एवं रेडीमेड व्यापारी संगठन की नई कार्यकारिणी को लेकर भी चर्चा हुई। उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से महेश जी जाट को संगठन का निर्विरोध अध्यक्ष चुना। अध्यक्ष चुने जाने के बाद उपस्थित व्यापारी बंधुओं ने महेश जाट का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संगठन के संरक्षक बाबूलाल आर्य, गोपाल पवार, सुरेश नामदेव, कैलाश मेहता, मनोहर लाल जायसवाल सहित वरिष्ठ व्यापारी एवं संगठन के पूर्व अध्यक्ष आलोक आर्य, महेश महेश्वरी, सुरेंद्र पोरवाल, देवानंद भोजवानी, दिनेश जैन, विनय आर्य व सदस्य बसंत सुराणा, जगदीश मकोडिया, ललित पवार, राहुल राठौर, पीडीचांदनी, राहुल सुराणा, चंचल मोटवानी, राजेंद्र मेवाडा, प्रेम डाबी, हेमंत महेश्वरी, आशीष मेहता, चैन सिंह जायसवाल, कृपाल मेवाड़ा, दिलीप मेवाड़ा, महेश बोहरा, दौलत मेवाड़ा, दिलीप टेलर मनोज टेलर, मनीष पोरवाल, मोहित मेहता, महेश मेवाड़ा, राहुल डाबी उपस्थित रहे। सभी ने विश्वास जताया कि महेश जाट के नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा कपड़ा एवं रेडीमेड व्यापारियों के हितों से जुड़े विषयों को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा।

नवनिर्वाचित कपड़ा एवं रेडीमेड व्यापारी संगठन अध्यक्ष महेश जाट ने सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन किसी एक व्यक्ति का नहीं बल्कि सभी कपड़ा एवं रेडीमेड व्यापारियों का परिवार है। सभी के सहयोग और मार्गदर्शन से संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास किया जाएगा।

स्कूल में आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरनिया राम में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम संस्था प्राचार्य गोपाल सिंह मालवीय ने झंडा वंदन किया,तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रारंभ एसएमसी के अध्यक्ष घनश्याम विश्वकर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया इसके पश्चात स्कूल के छात्र-छात्राओं ने कविता भाषण गीत के माध्यम से अपनी प्रस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत के सरपंच ठाकुर प्रसाद वर्मा ने अपने विचार व्यक्त कर सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की। उक्त कार्यक्रम में संस्था के सभी स्टाफ शिक्षक शिक्षिकाएं गोपाल सिंह,जुगल किशोर पवार,चंदन सिंह पाटीदार, मेहरवान सिंह मालवीय, शिवचरण सितोलिया, सुखदेव अमझिरे, छाया जाटव, ममता परमार,तृप्ति दुबे,प्रकाश ससतया,चरण परमार, शुभम विश्वकर्मा, अंकित खत्री, मनीष शर्मा, अरविंद मालवीय, पूजा मालवीय, बलवान सिंह मालवीय, राजकुमार मालवीय, रवि मालवीय, कोक सिंह, दीपक मालवीय, रोहित परमार तथा शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जुगल किशोर पवार व शिवचरण सितोलिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी को मिठाई का वितरण किया गया।

यूपीएससी में 127वीं रैंक लाने पर दिव्यांश का किया सम्मान



सीहोर। रविवार को संत शिरोमणि रविदास मंदिर परिसर, डॉ. आंबेडकर नगर गंज में जाटव समाज कल्याण संगठन के सक्रिय सदस्यों ने एक गौरव समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर हमारे ही बीच के बड़े भाई एवं पूर्व पार्षद देवेंद्र अहिरवार के सपुत्र दिव्यांश अहिरवार का सम्मान किया गया। सम्मान का मुख्य कारण दिव्यांश अहिरवार का यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में 127वीं रैंक प्राप्त करना है। यह उपलब्धि पूरे जाटव समाज के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय बनी है। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने दिव्यांश को शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि दिव्यांश की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इसी उपलक्ष्य में सीहोर जाटव समाज कल्याण संगठन से 25 नए सक्रिय सदस्यों ने जुड़कर संगठन में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान 25 नए सदस्यों ने औपचारिक रूप से सदस्यता भी ग्रहण की। सभी नए और पुराने सदस्यों ने संगठन को आगे बढ़ाने के लिए अपने विचार रखे और समाज में शिक्षा, एकता और सेवा के कार्यों को तेज करने पर जोर दिया।

नीलकंठ से नर्मदा जल लेकर सीहोर पहुंची कांवड़ यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दुर्गा भैरव मंदिर समिति शुगर फैक्ट्री एवं समाजसेवी राजेश मेवाड़ा के नेतृत्व में नीलकंठ से नर्मदा जी का पवित्र जल लेकर भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई। करीब 300 कावड़ यात्री तीन दिन की यात्रा पूरी कर सीहोर पहुंचे। रिसोर्ट चौराहे पर समाजसेवी अखिलेश राय एवं समाजसेवी अरुणा राय ने कावड़ यात्रा का पूजन-अर्चन कर स्वागत किया। इस दौरान सनी महाजन सहित अन्य नागरिकों ने भी कावड़ यात्रियों का स्वागत किया। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने भूतेश्वर मंदिर पहुंचकर कावड़ यात्रियों का स्वागत किया। इंदौर नाके पर बलराम कुशवाहा, रामचंद्र पटेल, लक्ष्मीनारायण कुशवाहा सहित सर्व समाज के लोगों ने कावड़ यात्रा का भव्य स्वागत किया। यात्रा के दौरान पूरे शहर में श्रद्धा एवं उत्साह का माहौल देखने को मिला। नीलकंठ से नर्मदा जी का पवित्र जल लेकर सीहोर पहुंचे कावड़ यात्रियों ने भूतेश्वर मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने नगर की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कावड़ यात्रा में अशोक कुशवाहा, विनोद कुशवाहा, बिरजू कुशवाहा, दिन्नू कुशवाहा, लीला कुशवाहा, कल्लू कुशवाहा, जितेंद्र कुशवाहा, चांद सिंह मेवाड़ा, रमेश राय, बनी सिंह प्रजापति, अमन मेवाड़ा, दक्ष प्रजापति, हरीश विश्वकर्मा एवं राकेश कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे। दुर्गा भैरव मंदिर समिति व राजेश मेवाड़ा के नेतृत्व में निकली इस कावड़ यात्रा का शहरवासियों ने जगह-जगह स्वागत कर धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश दिया।

राज्य कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ जिला शाखा सीहोर ने प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर कर्मचारियों की लंबित मांगों के निराकरण को लेकर जिलाधीश को 23 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। संघ ने शासन से कर्मचारियों, पेंशनरों एवं विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मियों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने की मांग की। ज्ञापन में पुरानी पेंशन योजना लागू करने, ग्रेज्युटी की सीमा 25 लाख रुपये करने, शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति विभाग में नवीन शैक्षणिक सेवा अवधि की गणना नियुक्ति दिनांक से करने तथा प्रदेश के अधिकारी-कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता देने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई। इसके अलावा प्रदेश में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी, संविदा एवं स्थायी कर्मियों को रिक्त पदों पर नियमित करने, पंचायत सचिवों का सम्मेलन पंचायत विभाग में किए जाने, नवीन नियुक्तियों में स्थाई फंड की व्यवस्था को माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार समाप्त कर नियुक्ति दिनांक से नियमित वेतनमान प्रदान करने की मांग की गई। ज्ञापन में कृषि विस्तार अधिकारियों की वेतन विसंगतियों का माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार निराकरण, अनुकम्पा नियुक्तियों की प्रक्रिया का सरलीकरण तथा शिक्षा विभाग में ई-अटेंडेंस प्रक्रिया में समय का निर्धारण सुनिश्चित करने सहित अन्य मांगों को भी शामिल किया गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, हेमंत अजानिया, गोपाल सिंह ठाकुर, कुन्दनलाल राय, बलराम पंवार, देवेन्द्र आर्य, भगवान सिंह ठाकुर, महेन्द्र मालवीय, ज्ञानबाबु जाट सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। संघ ने शासन से मांगों पर सकारात्मक एवं शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई।

शिव पालकी यात्रा, श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



सीहोर। सोमवार को श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर समिति, सीहोर द्वारा आयोजित शिव पालकी यात्रा बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। इस पावन आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए और भगवान भोलेनाथ के जयकारों के साथ पूरा वातावरण शिवमय हो गया। पालकी यात्रा में शामिल होकर भक्तों ने अद्भुत आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री प. रमाकांत समाधिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरीश राठौर, कार्यालय मंत्री कैलाश कुशवाहा, पूर्व नगर महामंत्री पवन जैन, पूर्व नगर महामंत्री बंटी राठौर सहित मंदिर समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन होकर यात्रा को सफल बनाया। ढोल-नगाड़ों, भजनों और जयकारों के साथ निकली पालकी को जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मंदिर समिति ने बताया कि इस तरह के धार्मिक आयोजन समाज में आस्था और एकता को बढ़ावा देते हैं।

अपमान के विरोध में कांग्रेस ने निकाला पैदल मार्च



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

उत्तराखंड के हल्द्वानी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के कार्यक्रम के बाद कार्यक्रम स्थल को गंगाजल से धोकर कथित रूप से शुद्धिकरण किए जाने के विरोध में सीहोर जिला कांग्रेस कमेटी ने पैदल मार्च निकालकर विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस नेताओं ने इस घटना को सामाजिक भेदभाव और संकीर्ण मानसिकता का प्रतीक बताते हुए भाजपा एवं आरएसएस से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की।

राजीव गुजराती के नेतृत्व में निकला पैदल मार्च

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री राजीव गुजराती के नेतृत्व एवं सीहोर विधानसभा प्रभारी श्री दिनेश मेघानी की विशेष उपस्थिति में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जिला कांग्रेस कार्यालय में एकत्रित हुए। यहां से कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च निकाला, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए भारत माता की प्रतिमा एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष पहुंचा। यहां कांग्रेसजनों ने कथित शुद्धिकरण की घटना के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

संविधान में विश्वास रखने वालों का अपमान

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि श्री मल्लिकार्जुन खरगे का अपमान केवल कांग्रेस का नहीं, बल्कि उन सभी नागरिकों का अपमान है जो समानता, लोकतंत्र और संविधान में विश्वास रखते हैं। उन्होंने कहा कि किसी कार्यक्रम स्थल को गंगाजल से शुद्ध करने की मानसिकता समाज में जाति और भेदभाव की सोच को दर्शाती है। कांग्रेस ऐसी मानसिकता का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करती रहेगी। उन्होंने भाजपा और आरएसएस से इस घटना के लिए देश एवं दलित समाज से माफी मांगने की मांग की।

हाथों में तख्तियां, गूंजे विरोध के नारे

विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकजुट होकर शामिल हुए। वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, पार्षदगण, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं के हाथों में विरोध संबंधी तख्तियां थीं और 'मल्लिकार्जुन खरगे जी का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान जैसे नारे लगाए गए।। इस मौके पर रशीद भाई नेताजी, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजेन्द्र वर्मा, राजाराम बड़े भाई, जफर लाला, रमेश गुप्ता, विवेक राठौर, घनश्याम यादव, इरशाद मंसूरी, जगदीश चौहान, मजीद अंसारी, गुलाब बाई ठाकुर, इरफान लाला, मुकेश ठाकुर, नरेन्द्र खंगराले, सौभाल सिंह, राजा राय, सोहेल मिर्जा, घनश्याम जांगड़ा, प्रेमनारायण परमार, दिनेश भेरवे, सनब्बर भाई, नईम उद्दीन, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, पंकज शर्मा, आसिफ अंसारी, असरफ अली, संतोष मालवीय, विनीत गोयल, राहुल ठाकुर, मोनू शर्मा, उमेश रावत, ममता शर्मा, तनिष्क त्यागी, मनीष मेवाड़ा, शुभम त्यागी, राहुल गोस्वामी, विवेक टांक, अभिषेक लोधी, प्रवेश परिहार, अनुभव सेन, अरबाज खान, ओम सोनी सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

कांवड़ कलश यात्रियों ने बाबा विल्वैश्वर महादेव का किया जलाभिषेक

देवबड़ला में तृतीय सावन सोमवार दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



मां नेवज नदी के उद्गम स्थल व पुरातात्विक धरोहर देवांचल धाम देवबड़ला बिलपान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवबड़ला पोहचे मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह भगत जी ने बताया भगवान शिव को सावन का महीना प्रिय होने का अन्य कारण यह भी है कि भगवान शिव सावन के महीने में पृथ्वी पर अवतरित होकर अपनी ससुराल गए थे और वहां उनका स्वागत अर्घ्य और जलाभिषेक किया गया था। माना जाता है कि प्रत्येक वर्ष सावन माह में भगवान शिव अपनी ससुराल आते हैं। भू-लोक वासियों के लिए शिव कृपा पाने का यह उत्तम समय होता है। देवबड़ला स्मारक इंचार्ज कुंवर विजेंद्र सिंह भाटी ने कहा देवाधिदेव महादेव भूत भावन भगवान शंकर की आराधना का पर्व साधना आस्था श्रद्धा विश्वास का पवित्र श्रवण मास अत्यंत दुर्लभ संयोग के साथ सावन का महीना शुरू होता है। पौराणिक कथाओं में वर्णन आता है कि इसी सावन मास में समुद्र मंथन किया गया था। समुद्र मथने के बाद जो हलाहल विष निकला, उसे भगवान शंकर ने कंठ में समाहित कर सृष्टि की रक्षा की; लेकिन विषपान से महादेव का कंठ नीलवर्ण हो गया। इसी से उनका नाम 'नीलकंठ महादेव' पड़ा। विष के प्रभाव को कम करने के लिए सभी देवी-देवताओं ने उन्हें जल अर्पित किया। इसलिए शिवलिंग पर जल चढ़ाने का ख़ास महत्व है। यही वजह है कि श्रावण मास में भोले बाबा को जल चढ़ाने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। आज बड़ी संख्या में कावड़ यात्री आए, मऊ, जामली, बडीया, कोदापुरा, खोखरिया, नानुखेडा, आमला ताज से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां नेवज का जल भरकर कावड़ कलश यात्रा निकाली ये यात्रा शाम 5:00 बजे पतालेश्वर महादेव, पताल गंगा पर सभी भक्तजन बाबा को जल अर्पण करेंगे और भी अन्य जगहों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा को जल चढ़ाने देवबडला पहुंचे।